हरियाणा व पंजाब के उद्यमियों पर योगी की निगाह

राब्यू, चंडीगढ़ः यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगाह हरियाणा व पंजाब के उद्यमियों पर है। इन दोनों राज्यों के उद्यमियों व निवेशकों को अपने यहां निवेश के लिए आमंत्रित करने के लिए योगी 27 जनवरी को अपने तीन मंत्रियों को चंडीगढ़ भेजेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार अपने राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट करने जा रही है। इसके लिए जिन शहरों में रोड शो होगा, उनमें चंडीगढ़ शहर का नाम भी शामिल है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरुआत लखनऊ में योगी आदित्यनाथ पांच जनवरी को करेंगे। चंडीगढ़ में रोड शो को अंतिम चरण में रखा है। हरियाणा व पंजाब के निवेशकों को रिझाने के लिए योगी

योगी आदित्यनाथ (फाइल फोटो)

आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल के तीन प्रमुख चेहरों को जिम्मेदारी दी है। इनमें औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, गृह राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति व कृषि राज्य मंत्री बलदेव औलख शामिल हैं। योगी आदित्यनाथ का विशेष फोकस दोनों राज्यों के कृषि आधारित उद्योगों पर है। योगी को उम्मीद है कि हरियाणा व पंजाब कृषि का गढ़ हैं और यहां के निवेशकों को वह आसानी से उत्तर प्रदेश के लिए आकर्षित कर सकते हैं। इसके अलावा खेल इंडस्ट्री, ऊन व हौजरी के क्षेत्र के निवेशकों पर उत्तर प्रदेश सरकार फोकस करने वाली है। सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ हरियाणा व पंजाब के उद्यमियों की बैठकें हो रही हैं। इसको लेकर शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब सरकार के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया सवाल भी खड़े कर चुके हैं। कृषि उपकरणों के निर्माण के साथ ही चावल निर्यात में हरियाणा का कारोबार 13 हजार 736 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। हरियाणा के कृषि खाद्य उत्पादों का निर्यात 2,080 करोड़ का है।